सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 30.10.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 03 पारिवारिक विवाद, 01 पैसे का लेन-देन व शेष 04 अन्य से संबंधित थे, प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिथरिया में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बिथरिया में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर -

01.उ0नि0 राम सुरेश

02.का0 रवि जयसवाल, का0 आनंद मौर्या

03.म0आ0 किरन यादव, म0आ0 रूबी मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना स्थानीय पर बने मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 के अन्तर्गत थाना स्थानीय पर बने मिशन शक्ति केन्द्र में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज-6 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा, के बारे में जानकारी दी गई।

थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-

01.उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय

02.हे0का0 धनंजय दुबे

03.म0आ0 कुंजन सिंह, म0आ0 हिना अंसारी

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा गोपाल कृष्ण गोखले सदन केंद्र की बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरुकत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30/10/2025 को नरायनलाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा गोपाल कृष्ण गोखले सदन केंद्र की बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध में पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा(गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

01. का0 शुभम सिंह

02. म0का0 मीरा रानी

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6 कार्यक्रम के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज ग्राम चौखड़ा थाना इटवा की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा " पवीन प्रकाश" तथा प्रभारी निरीक्षक "अनिल कुमार दूबे" थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज ग्राम चौखड़ा थाना इटवा की छात्राओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6 को कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान* के तहत जागरुक किया गया महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 👉112, पुलिस आपातकान सेवा 👉1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन👉1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 👉108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 👉1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 👉102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम-

1.उ0नि0 श्रीराम जी यादव
2.का0 रोहित यादव
3.म0आ0 साधना यादव
4.म0आ रविता यादव

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज- 6 अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के परसा स्टेशन के पास मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30.10.2026 प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय थाना शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के परसा स्टेशन के पास मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 6.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-6 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर-

1.म0का0 उर्मिला देवी

2.म0का0 पूजा पाण्डेय

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कर्माहवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरुकता अभियान के संबंध में जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30/10/2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थानाक्षेत्र के ग्राम कर्माहवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरुकता अभियान के संबंध में जागरुक किया गया। तथा गांव की महिलाओं/बालिकाओं को खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 6.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम का विवरण-

1.उ0नि0 रविन्द्रनाथ यादव
2.म0 आ0 अमिता मौर्या
3.म0आ0 दीक्षा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 03 आरोपियों को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹1200-1200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 30.10.2026 को वाद सं0- 1431/2017 एनसीआर नं0- 178/2015 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे(जेडी)-1 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01-लाल बिहारी पुत्र झगरु, 02-राहुल पुत्र लाल बिहारी, 03-सुनीता पत्नी लाल बिहारी निवासीगण वहेरवा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹1200-1200/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचमोहनी की छात्रा साक्षी यादव बनी थाना खेसरहा की एक दिवस की थाना प्रभारी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा के नेतृत्व में आज दिनांक 30.10.2026 को मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की ब्लॉक को-ऑर्डिनटोर सोनम मोदनवाल के सहयोग से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचमोहनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर की छात्रा साक्षी यादव बनी एक दिवस की थाना प्रभारी इस दौरान छात्रा साक्षी यादव को थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठाकर फरियादियो की समस्याए सुनी तथा थाना पर होने वाली कार्यप्रणाली तथा सीसीटीएनएस पर होने वाले काम के बारे मे जानकारी दी गयी मालखाना, कार्यालय कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, पुरुष/महिला बंदीगृह, व अन्य रजिस्टरो के बारे मे जानकारी दी गयी थाना परिसर मे होने वाले कार्यो को बताया व दिखाया गया तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पचमोहनी से आयी छात्राओं को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित "Mission Shakti 6.0 | तथा विशेषज्ञ श्री रक्षित टंडन द्वारा साइबर अपराधों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फर्जी लिंक एवं कॉल के माध्यम से होने वाली ठगी, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी के दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी, आपत्तिजनक पोस्ट एवं वीडियो, साइबर बुलिंग तथा व्यक्तिगत फोटो एवं जानकारी के दुरुपयोग से संबंधित साइबर अपराधों के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतने तथा डिजिटल भुगतान के दौरान सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी गई—

1. किसी भी अनजान कॉल, ई-मेल या संदेश में प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

2. किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड का विवरण, बैंक खाते की गोपनीय जानकारी अथवा पासवर्ड साझा न करें।

3. सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो एवं वीडियो साझा करते समय सावधानी बरतें तथा किसी भी आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री को बिना सत्यापन के साझा न करें।

4. अपने मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों को पिन, पासवर्ड अथवा बायोमेट्रिक सुरक्षा से सुरक्षित रखें तथा ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत एवं अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

5. ऑनलाइन खरीदारी एवं डिजिटल भुगतान के लिए विश्वसनीय माध्यमों का उपयोग करें तथा आकर्षक ऑफर एवं अनजान व्यक्तियों द्वारा दिए जाने वाले प्रलोभनों से सावधान रहें।

6. किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत प्रस्तुत करें।

इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं सतर्क बनाना, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना रहा।

विभिन्न हेल्पलाइन नंबर-

👉 112-पुलिस आपातकालीन सेवा

👉 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन

👉 108-एंबुलेंस सेवा

👉 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

👉 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन

👉 102- स्वास्थ्य सेवा

के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा-

1. प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र
2. उ0नि0 जियाउल्लाह सिद्दीकी (मिशन शक्ति प्रभारी)
3. उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य
4. का0 श्री प्रकाश
5. म0का0 गुंजन सेन
6. म0का0 कुमकुम वर्मा

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

यातायात माह-2026 को लेकर यातायात पुलिस ने तेज की तैयारियां

01 से 30 नवम्बर तक चलेगा विशेष अभियान, विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ निबंध, चित्रकला प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन। विजेता छात्र-छात्राओं को किया जाएगा पुरस्कृत।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार जनपद सिद्धार्थनगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से माह नवम्बर को यातायात माह-2026 के रूप में मनाया जाएगा। यह अभियान दिनांक 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं।

यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों एवं आमजन को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

जनपद के प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा आमजन, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहते हुए दूसरों को भी जागरूक करें।

यातायात नियमों का करें पालन, सुरक्षित रखें अपना और अपनों का जीवन।

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2026 को मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी सिद्धार्थनगर द्वारा निर्गत एनबीडब्लु वारण्ट वाद संख्या 39/14 धारा 323,504 IPC से सम्बन्धित वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर भेजा गया।

वारण्टी का विवरणः -

1.हरिश्चन्द पुत्र जगरन्नाथ निवासी देवगह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 जयप्रकाश सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0का0 ओमप्रकाश उपाध्याय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 30.10.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।